**Final Report of theMRP(H)-0387/12-13/KLKA004/UGC-SWRO dated 29/03/2013**

On

# Relevance of Translation in Contemporary Period: A Critical Reasoning of Selected Works of Hindi-Malayalam Literary Translation in Socio Cultural Aspects

**Submitted by**

**Dr. Smitha.R.Nair**
**Assistant Professor**
**Department of Hindi**
**Pazhassi Raja N.S.S. College,**
**Mattanur, Kannur**

**to**

**University Grants Commission**

# समकालीन दौर में अनुवाद की प्रासंगिकता : सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयामों से मलयालम में अनूदित हिन्दी साहित्य के चयनित औपन्यासिक ग्रन्थों का आलोचनात्मक अध्ययन

# Declaration

I hereby declare that this report is an authentic record of work carried out by me under UGC Minor Research Project, MRP(H)-0387/12-13/KLKA004/ UGC- SWRO dated 29/03/2013 on "**Relevance Of Translation in Contemporary Period: A Critical Reasoning of Selected Works of Hindi-Malayalam Literary Translation in Socio Cultural Aspects**"

Dr. Smitha.R.Nair
Assistant Professor
Department of Hindi
Pazhassi Raja N.S.S. College,
Mattanur, Kannur, Kerala
Pin – 670702

# अनुक्रमणिका

पुरोवाक पृष्ठ संख्या

पहला अध्याय 1 - 6

1.0 अनुवाद के **विभिन्न** आयाम

1.1 अनुवाद का इतिहास
1.2 अनुवाद और सांस्कृतिक विचारधारा

दूसरा अध्याय 7 - 17

2.0 अनुवाद के सामाजिक -सांस्कृतिक परिस्थितियाँ

2.1 भारत में अनुवाद की परंपरा
2.2 अनुवाद में सामाजिक और सांस्कृतिक एकीकरण
2.3 हिन्दी और मलयालम के अनुवाद परंपरा
2.4 अनुवाद की प्रासंगिकता
2.5 अनुवाद की व्यावहारिकता और उपयोगिता

तीसरा अध्याय 18 - 21

3.0 पाठ परिचय

3.1 रंगभूमि-उपन्यास
3.2 कर्मभूमि-उपन्यास
3.3 आधा गाव-उपन्यास

चौथा अध्याय 22 - 51

4.0 चुनी हुई हिन्दी - मलयालम रचानाओ में सामाजिक सांस्कृतिक धरातल पर सोच विचार

4.1 समस्याएँ

4.1.1 रंगभूमि
4.1.2 कर्मभूमि
4.1.3 आधागाँव

4.2 समानताएँ

4.2.1 रंगभूमि
4.2.2 कर्मभूमि
4.2.3 आधागाँव

पाँचवाँ अध्याय 52 - 56

5.0 बहुभाषिक बहुसांस्कृतिक समाज में अनुवाद की प्रासंगिकता

5.1 भाषापरक अध्ययन
5.2 मुहावरे तथा लोकोक्तियॉ

उपसंहार 57 - 60

सन्दर्भ सहायक ग्रन्थ सूची 61 - 64

# पुरोवाक्

साहित्य समाज की इकाई है । मानव समाज के सदस्य है । साहित्य और मानव के संबंध को जोडनेवाली भाषाई प्रक्रिया है अनुवाद । विश्वमानवीयता को साकार करने में अनुवाद अपना दायित्व निभाते है । समय की ज़रूरत पर अनुवाद प्रक्रिया में जाने - अनजाने होनेवाले परिवर्तनों को सामाजिक, सांस्कृतिक घरातल के आधार पर परखने की कोशिश की है । भारत जैसे बहुभाषी देश में नानात्व में एकत्व लाने की ओर अनुवादकीय कार्य होना चाहिए ।

प्रत्येक देश की भाषा की अपनी संस्कृति होती है । संस्कृति और समाज का अभिन्न अंग है । इसलिए समकालीन संदर्भ में अनुवाद पर विचार करते वक्त संस्कृति और समाज पर ध्यान देना अति आवश्यक है ।

अध्ययन की सुविधा केलिए इसे पाँच अध्यायों में बाँटा है ।

पहला अध्याय है "**अनुवाद के विभिन्न आयाम**" यहाँ भारत जैसे एक बहुभाषिक देश में अनुवाद के महत्व, अनुवाद में संस्कृति की देन आदि पर विचार किया है ।

दूसरा अध्याय भी पहले अघ्याय की कडी के रूप में अनुवाद के सैद्धान्तिक परंपरा को परखने का प्रयास है । उसका शीर्षक है - "**अनुवाद के सामाजिक सांस्कृतिक परिस्थितियाँ** " । यहाँ अनुवाद के उद्भव से लेकर आज तक के विकास यात्रा की संक्षिप्त चर्चा की है । साथ ही हिन्दी और मलयालम के अनुवाद परंपरा, अनुवाद की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता आदि पर विचार किया है । आजकल एक संपर्क साधन के रूप में अनुवाद की व्यावहारिकता बढती जाती है । इसकी सूचना यहाँ मिलती है ।

तीसरा अध्याय है "**पाठ परिचय**" । यहाँ मूल एवं अनूदित कृति के बारे में विचार किया है । साथ ही मूल लेखक एवं अनुवादक के दायित्व पर भी सोच - विचार किया है ।

iii

चौथा अध्याय है "**चुनी हुई हिन्दी - मलयालम रचनाओं में सामाजिक सांस्कृतिक धरातल पर सोच विचार** " । यहाँ मूल और अनुवाद की समस्यायें ,और अनुवाद की समस्याएँ - समानताएँ आदि का विस्तृत विवेचन किया है । यहाँ प्रेमचंद के रंगभूमि, कर्मभूमि एवं राही मासूम रज़ा के आधागाँव पर विशेष रूप से विचार किया है । एक भाषाई व्यवस्था को दूसरी भाषा की व्यवस्था में अनुवाद करते वक्त सामाजिक, सांस्कृतिक परिसर में बदलाव आती है । यह बदलाव अनुवाद में किस तरह चित्रित है - इसका विचार किया गया है । साथ ही धार्मिक एवं देशीयता का अवबोध भी प्राप्त होते है ।

पाँचवाँ अध्याय है "**बहुभाषिक बहुसांस्कृतिक समाज में अनुवाद की प्रासंगिकता** " । यहाँ भारत जैसे बहुसास्कृतिक समाज में अनुवाद द्वारा किस तरह ऐक्य स्थापित होता है , इसकी सूचना यहाँ मिलती है । अनुवाद का प्रसंग पूर्णतः भाषागत प्रक्रिया होने के कारण हर रचना का शैलीगत विश्लेषण भी यहाँ किया गया है ।

उपसंहार में इस अध्ययन व विश्लेषण से रूपायित बिदुओं को संक्षेप में रखने का प्रयास किया है ।

इस शोधकार्य समाप्त करने में पि आर एन एस एस कॉलेज मट्टन्नूर के अधिकारियों के प्रति में आभार प्रकट करती हूँ । साथ ही भूतपूर्व प्राचार्य महोदय श्री. पि. मुरलीधरन और वर्तमान प्राचार्य महोदया डॉ. टी. एल. रमादेवी के प्रति में आभार हूँ । पुस्तकालय के बंधुओं को भी आभार व्यक्त करना चाहती है । इस शोध कार्य में पूर्ण सहायता देनेवाले डॉ. प्रमीला के. पी के प्रति में आभार प्रकट करती हूँ । मेरे पति और बेटी ने ही इस कार्य में हमेशा मेरा मानसिक सहयोग दिया है । उनके प्रति में आभारी हूँ । मेरे माता - पिता के मानसिक सहयोग केलिए में उसे प्रणाम करती हूँ । परिवार के अन्य सदस्यों को भी याद करती हूँ ।

त्रुटियों की क्षमा प्रार्थी

**स्मिता . आर . नायर**

प्रिन्सिपल इन्वेस्टिगेटर

## पहला अध्याय

# 1.0 अनुवाद के विभिन्न आयाम

भारत जैसे एक बहुभाषिक देश में विभिन्न भाषा बोलनेवाले बहुत सारे लोग एकसाथ रहते है। इसी एकसूत्रता कोकायम रखने में अनुवाद का महत्व दिन ब दिन बढता जा रहा है। साथ ही मानव के आन्तरिक विचारों और धारणाओं को एक विचार विनिमय के उपकरण के रूप में अनूदित करने की हज़ारों सालों से हुई तीव्र अभिलाषा और प्रयत्न के फलस्वरूप ही भाषा आर्विभूत हुई। अपने विचारों के अनुवाद को ही हम भाषा कहते है । एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद इसी मूलभूत प्रक्रिया की कडी है। प्राचीनकाल से ही भाषा, अनुवाद के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में पहूँच गये थे। भारत से विदेशी भाषाओं में व विदेशी भाषाओं से भारतीय भाषाओं में अनुवाद की लंबी परंपरा विकसित हुई। अनुवाद के क्षेत्र में ईसाई मिशनरियों तथा सूफी संतों का योगदान महत्वपूर्ण है। शिक्षा, कला , संस्कृति, दर्शन ,संतों का स्थान महत्वपूर्ण है ।

## 1.1 अनुवाद का इतिहास

अनुवाद का प्रचलन भारत में वैदिक काल से ही था । अनुवाद के द्वाराइतिहास, परंपरा, साहित्य़, राजनीति, अर्थतत्र अन्ताराष्ट्रीय संबन्ध आदि के साथ मानव - मानव के बीच में वर्तमान समस्त असमानताओं का खुलासा किया जा सकता है । असमानताओं का अघ्ययन हमेशा प्रासंगिक है, क्योंकि बोली, भाषा, प्रदेश, धर्म, जाति, नस्ल, लिगं, वर्ग आदि के आधार पर होनेवाले समस्त अत्याचारों को हम मानवता के विरोधी मानते है । हर रचनाकार की अलग शैली होती है । अनुवाद में कभी-कभी मूल लेखक की शैली से बहत्तर वर्चस्व अनुवादक की शैली कायम करती है ।

अनुवाद एक ऐसा सेतु है, जो ज्ञान के आदान प्रदान का मार्ग प्रशस्त करता है । भारत जैसे बहुभाषिक देश में भाषाओं को मिलाने की प्रक्रिया अनुवाद द्वारा संपन्न होते है । " सूसन बासनेट ने इसको सम्मेलन की प्रक्रिया मानी है, जिसमें दो प्रदेश केलोग अपने नानान्व को भूलकर एक ही व्यापक संस्कृति का अंग बनकर सहजीवन केलिए तैयार होते है ।"[1]

## 1.2अनुवाद और सांस्कृतिक विचारधारा

भारतीय परिप्रेक्ष्य को देखा जाए तो पता चलता है की भारोपीय भाषाओं के विकास के साथ अनुवाद का विकास भी होता रहा । अधिकाँश आधुनिक भारतीय भाषाओं ने अपनी महत्वपूर्ण साहित्यिक परंपरा का शुभारंभ संस्कृत की रचनाओं के अनुवाद से किया था । देशीय एकता के साथ भाषाई विभिन्नता के महत्व से लोग अनुवाद द्वारा ज्ञात होते है । संस्कृतिक और राजनैतिक ध्येय प्राप्त करने केलिए देश की समस्त भाषाओं का योगदान रहा था ।

बहुभाषा व्यवस्था में अनुवाद प्रक्रिया के विभिन्न आयामी प्रयोग मिलते है । मूल कृति के शब्दों को लक्ष्य भाषा में उसी रूप में इस्तेमाल करने से मूल भाषा के अधीशत्व की स्वीकृति नज़र आते है । भारतीय रचनाओं में प्रयुक्त अंग्रेज़ी शब्द इसका उदाहरण है । सकारात्मकदृष्टि में यह संबन्ध विश्व के सांस्कृतिकसहजीवनकोबरकरार रखने के पक्ष में है । स्रोत भाषा के सांस्कृतिक संदर्भ में प्रयुक्त शब्द को लक्ष्य भाषा में अनुवाद करते

समय, धार्मिक विचार, सामाजिक रीतिरिवाज़ और संस्कृति के संदर्भ में समस्या उत्पन्न होते है ।

अनुवाद में हम भाषाओं का नहीं संस्कृति का रूपान्तरण करते है ।"षेरीसाइमणकेअनुसारअनुवादमेंसांस्कृतिकपहचानसदैवएकप्रकारकीसमझौतावादीप्रवर्ती है"[2] विश्वमानवीयता को ऐतिहासिक दृष्टि प्राप्त करने में प्रत्येक देश की भाषा ओर संस्कृति की अपनी देन होती है । वैश्विक स्तर पर जनता के बीच परिलसित समान मानवीय संवेदनाओं को ही मानवीय संस्कृति बताई जाती है । संस्कृति का मेलजोल भाषाओं के माध्यम से ही संभव होते है । प्रात्येक देश की भाषाएवं संस्कृति, वहाँ के जनतांत्रिक, सामाजिक मूल्यों के विस्तार और वैश्विक समन्वय की सूचना अभिहित करती है । इस तरह भाषाओं का आदान - प्रदान ज़रूरी बन जाता है ।

भारतीय संदर्भ में विशेषकर बहुभाषीय देश होने के कारण अनुवाद की महत्ता आवश्यक है । अनुवाद की परंपरा देश के

ऐतिहासिक विकास के साथ जुडी रचनात्मक प्रक्रिया है । भारत जैसे नानात्व वाले देश में विभिन्न भाषाओं के बीच अनुवाद द्वारा ही अखिल भारतीय परिकल्पना परिपुष्ट हो गई । सांस्कृतिक विविधता के कारण विनिमय की प्रक्रिया के रूप में सभी मुख्य भारतीय भाषाओं के बीच में अनुवाद की प्रक्रिया होती है ।

अनुवाद के भाषावैज्ञानिक सबन्धी विचारधारा के साथ साथ संस्कृति सबन्धीविचारधारा की महत्ता भी दिन ब दिन बढता जाता है ।" संस्कृति की प्रगति वस्तुतः अनुवाद रुपी धुरी पर केन्द्रित है ।"[3]संस्कृति सबन्धी दो मूल धाराएँ यानी मानवीय धारणा(Humanistic Concept) और नरवंशशास्त्रीय धारणा (Anthropological) संस्कृति सबन्धी मानवीय धारणा साहित्य, संगीत और कला से मिलता है । नरवंशशास्त्रीय धारणा यानी एक सामूहिक जीवन की संपूर्ण झाँकी । यह परंपरा से जुडी हुई, जीवन के बाह्य और आंतरिक जीवन रीति द्वारासंस्कृति पूर्ण जनता के स्वभाव में परिवर्तन लाने योग्य है । सांस्कृतिक अवबोध द्वारा व्यक्ति अपनी संस्कृति की पहचान कर पाती है । संस्कृति समाज से संबंधित है जिसके द्वारा मानवीय प्रवृत्तियों को

मार्ग और समाज के सदस्यों द्वारा पारंपरिक विशेषताओं का प्रस्तुतीकरण संभव है। विशिष्ट सांस्कृतिक परंपरा के लोग हमेशा भाषा द्वारा अपने समाज व सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व से प्रेरणा पाते है ।

---

1. Basnett Susan ,Translation Studies, P.4
2. Godard Barbara, Culture as Translation Ramakrishna Shantha(ed) P.159, Cultural identity as a process of negotiation is constantly in process.
3. डॉ अग्रवाल कुसुम,अनुवाद शिल्प समकालीन सन्दर्भ ,पृ.16

**दूसरा अध्याय**

# 2.0 अनुवाद के सामाजिक -सांस्कृतिक परिस्थितियाँ

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । समाज से संपर्क स्थापित करने में अनुवाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है ।विश्व विभिन्न भाषाओ का संग्रहालय है ।अनुवाद के माध्यम से ही विश्व साहित्य का निर्माण एवं विकास हुआ है ।

## 2.1भारत में अनुवाद की परंपरा

भारत में अंग्रेज़ी राज की स्थापना के फलस्वरूप 18 वीं सदी में भारत और परिचम के बीच संपर्क स्थापित हो सका । अनेक विदेशी लोग भारतीय कृतियों का अनुवाद  अपनी भाषा में किया । इसी अनुवाद प्रक्रिया में ईस्ट इंडिया कंपनी और कलकत्ता के फार्ट विलियम कालेज  अपना हिस्सा निभाया है । विदेशी भाषा की कृतियों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में भी होने लगा । बाइबल का अनुवाद इसका उदाहरण है । इससे पहले भारत में अनुवाद की परंपरा शुष्कनज़र आते है । हिन्दी में व्यवस्थित रूप से अनुवाद का कार्य महाभारत,

भागवत, पुराण, गीता, पंचतंत्र आदि ग्रन्थों के अनुवाद द्वारा संभव हुआ । आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्रीधरपाठक, गुप्त आदि का नाम यहाँ विशेष उललेखनीय है ।

भारतीय ग्रन्थों के परिचमी अनुवाद में सर विलियम जोन्स का अभिज्ञान शाकुंतलम का अनुवाद विशेष महत्वपूर्णहै । सर चाल्स विलिकिस ने भगवद्गीता का अंग्रेज़ी अनुवाद प्रस्तुत किया । जर्मन, फ्रेंच और रूसी भाषाओं में भी बडी मात्रा में अनुवाद कार्य होता है ।

भारत जैसे बहुभाषा देश में विभिन्न भाषा बोलनेवाले बहुत सारे लोग एक साथ रहते है । इसी नानात्व में एकत्व स्थापित करनेवाले एक संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी का उपयोग धीरे धीरे होने लगा । भारत एक बहुसांस्कृतिक प्रदेश भी है । हमारे सांस्कृतिक महत्व के प्रतिनिधि ग्रथों का अनुवाद विदेशी भाषाओं में होगयी । उदाः मैक्समूलर, मैकडनल जैसे लोगों ने संस्कृत के वैदिक ग्रथों का अनुवाद किया था ।

## 2.2 अनुवाद में सामाजिक और सांस्कृतिक एकीकरण

अनुवाद और संस्कृति का संबध बहुत पुराना है । संस्कृति का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है सम् कृती य़ानी मानवताको सतत भौतिक और आध्यात्मिक विशिष्टता प्रदान करनेवाले उत्तम अभिव्यक्तियाँ । सांस्कृति में संस्कार, आचार-विचार, कार्य-कलाप, जीवन शैली और जीवन दर्शन का प्रभाव है । अनुवाद द्वारा संस्कृति की पहचान होती है ।

साहित्यिक अनुवाद का लक्ष्य एक भाषा की संस्कृति को दूसरी भाषा में बोधगम्य बनाना है । संस्कृति का अनुवाद काफी मुश्किल है । भारतीय साहित्य में अनुवाद और संस्कृति एक दूसरे को प्रभावित करते है । एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करते वक्त भाषा के साथ उसमें निहित स्रोत भाषा संस्कृति का भी अनुवाद करता है । यहाँ अनुवादक भाषा के व्यवधान को हटाकर दो भिन्न सांस्कृतिक परिवेशों में रहनेवाले व्यक्तियों के बीच संपर्क सेतू बनकर दोनों भाषाओं के कृतियों को आमने सामने खडा कर लेते है । “भाषा ध्वन्यात्मक प्रतीकों की व्यवस्था है और अनुवाद इन्हीं प्रतीकों का

प्रतिस्थापन ।[1]एक देश की संस्कृति वहाँ के इतिहास, भूगोल, कला, साहित्य, दर्शन, स्त्री-पुरुष संबंध, परंपरा आदि से जुडे है । मानव की सहज जिज्ञासा, उन्हें लक्ष्य भाषा संस्कृति से परिचय कराने में सफल होता है । मानव हमेशा नये व्यक्तियों, प्रदेशों और नई भाषाओं से संपर्क स्थापित होते है ।"समस्त ज्ञान विज्ञान और साहित्य को सम्पूर्ण मानवता की धरोहर बनाना अनुवाद द्वारा ही संभव है ।"[2]

भारतीय सस्कृति के विभिन्न आयाम है - सामाजिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक, मनोवैज्ञानिक, साहित्यिक और ललित कला संबन्धि । साहित्य और सस्कृति का संबंध अभिन्न है । जब स्रोत भाषा का कोई सांस्कृतिक उपादान लक्ष्य भाषा में प्राप्त नहीं है तो अनुवादक, मूल सस्कृति की परिभाषा या व्याख्या करके, शाब्दिक अनुवाद द्वारा, समतुल्य शब्द की खोज करके, नये शब्द के निर्माण करके और जोड - तोड के ज़रिए इसका समाधान कर लेता है ।

प्रत्येक भाषा की सस्कृति में धार्मिक विश्वास, परंपरा, दार्शनिक विचार, रहन-सहन, खान-पान, तीज-त्योहार, रीति-

रिवाज़ आदि बातें है । अनुवाद में यह बात समस्या उत्पन्न करते है । मनुष्य एक सामाजिक प्राणि है । उनकी सामाजिक व्यवस्था व्यक्त करनेवाला रिरते-नाते की शब्दावली साहित्य में कई जगहों पर पाये जाते है । भारतीय संस्कृति में संबंधों की नाजुकता और गरिमा को कायम करके यहाँ अनुवाद करना है, वरना सामाजिक व्यवस्था में टकरार पैदा होता है ।

प्रत्येक भाषा विशेष की रंग संबंधी अपनी शब्दावली होती है । अधिकाँश रंग सार्वभौमिक है । भाषा की सामाजिक प्रकृति से जुडे हुए मंगल सूचक शब्दों, चारित्रिक गुणों से युक्त शब्दों का अनुवाद भी चुनौती की बात है । मुहावरों और लोकोक्तियो के अनुवाद में प्रत्येक भाषा की सामाजिक - सांस्कृतिक परंपरा निहित होती है । स्रोत भाषा की संस्कृति की व्याख्या लक्षय भाषा में उपलब्ध प्रतीकों के माध्यम से करने के कारण अनुवाद को सांस्कृतिक संदर्भों का एकीकरण कहना उचित होगा । अनुवाद में अनुवादक के व्यक्तित्व, संस्कार और युगीन परिवेश की समझ भी उपलब्ध है ।

## 2.3 हिन्दी और मलयालम के अनुवाद परंपरा

हिन्दी में अनुवाद की परंपरा की शुरुवात् प्राचीन पौराणिक ग्रथों से शुरु होती है । 19 वीं सदी के उत्तरार्ध से हिन्दी में अनुवाद की परंपरा समृद्ध होने लगी । काव्य, नाटक, उपन्यास और कहानी के क्षेत्र में अनुवाद की वृद्धि हो गयी । इस समय के अनुवादकों में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, श्रीधर पाठक, प्रेमचदं, बच्चन आदि प्रमुख है ।

भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद करते वक्त बहुत सारे बातों पर ध्यान देना चाहिए । वर्तमान संदर्भ में हिन्दी अखिल भारतीय भाषा के स्तर पर पहूँच चुका है । मलयालम के कई ग्रथों का अनुवाद हिन्दी में और हिन्दी के ग्रथों का अनुवाद मलयालम में की गयी थी । हिन्दी और मलयालम भाषा के अनुवाद में तत्सम शब्दावली, व्याकरणिक समानता, अरबी, फारसी, अंग्रेज़ी, तुर्की जैसे विदेशी भाषा के शब्दों की भरमाल आदि उपलब्ध है । अपने व्यापारिक आवश्यकता केलिए विदेशी लोग केरल में भी आ गये थे । भाषाओं के मेलजोल से

उनके कुछ शब्द मलयालम के अपने हो गए थे । इसी तरह हिन्दी भाषा में भी विदेशी शब्दों का आधिक्य है । भौगोलिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और लोकतात्रिक प्रवृत्तियों से दोनों भाषाओं में अनेक मौलिक शब्द सुरक्षित है । मलयालम और हिन्दी के वातावरण में भिन्नता है । साथ ही आंचलिक और केरलीय संस्कृति के ध्योतक शब्दों का पर्यायवाची शब्द हिन्दी में मिलना प्रायः कठिन कार्य है । ऐसे संदर्भों में लिव्यंतरण का सहारा लेना पडता है ।

## 2.4 अनुवाद की प्रासंगिकता

वर्तमान संदर्भ में अनुवाद की प्रासंगिकता बहुत बढ गयी है । मुद्रण कला के विकास के साथ 20 वीं सदी से लेकर अनुवाद का अभूतपूर्व विकास हो गया । कई भारतीय भाषाओं से विशेषकर बंगला से कई ग्रथों का अनुवाद पाये जाते है । लेकिन उस समय अंग्रेज़ी के वर्चस्व को कायम करते हुए प्रथम अनुवाद अंग्रेज़ी में करने की तरीका प्रचलित थी । हिन्दी और मलयालम जैसी भाषाओं में भी यही स्थिति थी । बाद में हिन्दी की महत्ता बढ गयी और भारतीय

भाषाओं के अनुवाद सीधे हिन्दी में करने लगे । अनुवाद की गुणवत्ता को बरकरार रखने में साहित्य अकादमी जैसी संस्थाओ का योगदान महत्वपूर्ण है ।

आजकल अनुवाद के लिए भाषांतर, रूपांतर, परिभाषा, ट्रांसलेषन, तर्जूमा जैसे शब्दों का प्रयोग है । अनुवाद में रूपांतरण की प्रवृत्ति प्राचीन काल के रामायण, महाभारत, गीता पंचतंत्र आदि में है । पश्चिम की साहित्य कृतियों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में अधिक मात्रा में मिलती है । बंगला के विख्यात कवि माइकेल मधुसूदन दत्त और टैगोर की कृतियों का अनुवाद भारतीय भाषाओं में होने लगे ।

हिन्दी की अनुवाद परंपरा में उर्दू भाषा का योगदान महत्वपूर्ण है । प्रेमचंद जैसे अनेक साहित्यकार उर्दू से अनुवाद करने लगे । प्रेमचंद का युग स्वाधीनता आंदोलन का युग था । हर भारतीय भाषा आपस में संपर्क स्थापित करते लगे । स्वतंत्रता के

बादहिन्दी भारत की संपर्क भाषा के रूप में विशेष मान्यता प्राप्त की थी । अनुवाद कार्य भी तेजी से होने लगा ।

## 2.5 अनुवाद की व्यावहारिकता और उपयोगिता

मानव - सभ्यता के विकास के साथ ही एक भाषा-भाषी समुदाय को जब दूसरे भाषा -भाषी समुदाय के बारे में जानने प्राप्त करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई,की ज़रूरत लगी तभी अनुवाद की आवश्यकता जाग्रत हुई । अतः मानव की सहज जिज्ञासा, उसकी सहज चेतना ही अनुवाद की आवश्यकता की मूल जड है । अनुवाद मानव सभ्यता के साथ ही विकसित एक ऐसी तकनीक है, जिसका आविष्कार बहुभाषिक स्थिति की विडंबनाओं से बचने केलिए किया गया ।

आज विज्ञान के युग में ज्ञान-विज्ञान का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप विकसित होने के कारण संपूर्ण साहित्य को विश्व की लगभग सभी भाषाओं में अलब्ध कराना अनिवार्य हो गया है । समस्त ज्ञान-विज्ञान और साहित्य को संपूर्ण मानवता की धरोहर बनाना

अनुवाद द्वारा ही संभव है । अनुवाद के माध्यम से ही विश्व साहित्य का निर्माण एवं विकास हुआ है । आज भारतीय जनमानस में भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखने का श्रेय रामायण. महाभारत, गीता, पंचतंत्र जैसे अनुवादों को देना चाहिए । विश्व संस्कृति के विकास में भी अनुवाद का योगदान है । धर्म, दर्शन, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, प्रौध्योगिकी, वाणिज्य एवं व्यवसायअनुवाद से अभिन्न संबंध है । विश्व - बंधुत्व की इस भावना से मानव मानव के निकट आता है ।

आधुनिक भारत के नवोत्थान में पश्चिम का बहुत बडा हाथ रहा है । हर देश की राजनीति को समझने और जानने केलिए अनुवाद की उपयोगिता की जाती है । अनुवाद विभिन्न संस्कृतियों के बीच सेतू का कार्य किया है । भारत जैसे विकासशील देश केलिए अनुवाद की आवश्यकता और महत्ता को समझकर भारतीय भाषाओं को संविधान में सम्मिलित करके  हिन्दी को राज भाषा का दर्जा दिया है । आज हिन्दी मारिरास, फिजी, सूरिनाम, गुआन, दक्षिण आफ्रिका, नेपाल, म्याँमार आदि देशों की प्रमुख भाषा के रूप में तथा विभिन्न भारतीय

भाषाओं को जोडने वाली कडी के रूप में अनुवाद का एक व्यापक माध्यम बनती जा रही है ।

अनुवाद आज व्यक्ति की सामाजिक आवश्यकता बन गया है । एक संप्रेक्षण माध्यम के रूप में, संपर्क साधन के रूप में अनुवाद का महत्व है । अतः अनुवाद अपने प्रयोजन में बहुमुखी और बहुआयामी बन चुका है । "अनुवाद विश्व संस्कृति और विश्व बंधुत्व में ऐक्य और साम्य स्थापित करने वाला एक ऐसा सेतू है जिसके माध्यम से विश्व ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में क्षेत्रीयतावाद के संकुचित और सीमित दायरे से बाहर निकलकर मानवीय एवं भावात्मक एकता के मूल केन्द्र - बिदूं पर पहूँच सकता है और यही अनुवाद की आवश्यकता और उपयोगिता का सराक्त एवं प्रत्यक्ष प्रमाण है ।"[3]साहित्य समाज का दर्पण है तो अनुवाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता का परिचायक।

---

1. डॉ भोलानाथ तिवारी, अनुवाद विज्ञान,पृ. 16
2. डॉ अग्रवाल कुसुम ,अनुवाद शिल्प समकालीन सन्दर्भ, पृ. 12
3. डॉ अग्रवाल कुसुम ,अनुवाद शिल्प समकालीन सन्दर्भ, पृ. 19

**तीसरा अध्याय**

## 3.0 पाठ परिचय

हिन्दी के विख्यात् साहित्यकार प्रेमचंद की सर्वोत्कृष्ट कृति रंगभूमि और उसका मलयालम अनुवाद समकालीन संदर्भ में महत्वपूर्ण है । उपन्यासकार ने जिन सामाजिक, सांस्कृतिक परिस्थितियों से गुज़रा है, उसका नंगा यथार्थ उपन्यास में प्रस्तुत है । मूलकृति और अनुवाद में परिवर्तन होना स्वाभाविक है । यहाँ हिन्दी प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश के साथ साथ, मलयालम के सामाजिक , सांस्कृतिक धरातल का पर्दाफाश भी संभव है ।

## 3.1 रंगभूमि-उपन्यास

भारतीय जन - जीवन और सामाजिक समस्याओं के प्रति प्रगतिशील दृष्टिकोण रखनेवाले व्यक्ति थे प्रेमचंद । रंगभूमि उपन्यास का प्रमुख पात्र सूरदास भीख माँगने वाले दुर्बल, क्षीणकाय एवं सरल स्वभाववाले अन्धे व्यक्ति के रूप में भारत के दरिद्र नारायणों का प्रतिनिधित्व करता है । जिस सामाजिक वातावरण से कहानी गुज़रता

है, उसका यथार्थवादी चित्रण यहाँ उपलब्ध है । जिस प्रकार एक व्यक्ति महात्मा बन जाता है, उसका जीता जागता उदाहरणहै सुरदास । पाश्चात्य संस्कृति के प्रति झुकाव, एवं अर्थ के प्रति लालच आदि व्यक्ति को कठोर हृदयवाले बना देते है । उपन्यास के प्रभु सेवक एवं मिसेज सेवक इसका उदाहरण है ।

विनय और सोफिया के करूणाद्र प्रेम कथा, मिस्टर क्लार्क के साथ सोफिया की शादी, बाद में विनयसिंह की वीरमृत्यु और सोफिया का आत्मत्याग, आदि का सजीव चित्रण उपन्यास को आगे बढाते है ।

इसका अनुवाद श्री . इ . के . दिवाकरन पोटी द्वारा किया गया है । समाज में व्याप्त शोषण, एवं पश्चिमी संस्कृति की लालसा केरलीय जनजीवन में भी व्याप्त थी । मूलकृति की तरह अनुवाद में भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरातल का अंकन किया गया है ।

## 3.2 कर्मभूमि-उपन्यास

प्रेमचंद के कर्मभूमि उपन्यास में भी समाज की कूरीतियों एवं विषमताओं पर करार प्रहार करते हुए, भारतीय जनजीवन के आईना बनकर सामने आती है । अमरकान्त और सुखदा के चरित्र के ज़रिए त्याग और स्नेह का यथार्थ अंकन किया गया है ।

कर्मभूमि का मलयालम अनुवाद श्री. इ. के . दिवाकरन पोटी द्वारा हुई है । कर्तव्य के प्रति जाग्रत, सामाजिक अवबोध रखनेवाली नारी के रूप में सुखदा आती है ।

## 3.3 आधागाँव-उपन्यास

राही मासूम रज़ा का आधा गाँव और उसका अनुवाद बिन्दु वेलसार का अर्धग्राम संस्कृति के विभिन्न पहल्लुओं का यथार्थवादी चित्रण किया था । ‘ मुहर ’ जैसे समय को सूचित करनेवाले शब्द के ज़रिए सारा उपन्यास आगे बढता है । प्रस्तुत कृति का अनुवाद भी इन समस्याओं को सही ढंग से चित्रित किया है । आधा गाँव के फुन्नन मियां और उसके परिवार एवं गंगौली के चरित्र का चित्रण किया

है । भारत पाक् विभाजन और अंग्रेज़ों के छाल का चित्रण उपन्यास के पात्रों के ज़रिए संभव है । जिस प्रकार सांप्रदायिक  दंगे फैलते है और समाज के हर व्यक्ति पर तनाव भरी मनोवृत्ति पैदा करती है , इसका उत्तर आधा गाँव द्वारा मिलते है ।

हर एक रचना अपने प्रदेश की सांस्कृतिक वातावरण को रूपायित करते है । भारतीय जनजीवन से जुडी यादगार बातों को अनुभवी आँखों से जांझने  परखने का कार्य मूलकृति और अनुवाद द्वारा संभव है ।

**चौथा अध्याय**

# 4.0 चुनी हुई हिन्दी -मलयालम रचानाओ में सामाजिक सांस्कृतिक धरातल पर सोच विचार

## 4.1 समस्याएँ

### 4.1.1 रंगभूमि

अनुवाद के ज़रिए सांस्कृतिक बदलाव का चित्रण रंगभूमि उपन्यास में यहाँ दिखायमान है । हिन्दी के सांस्कृतिक धरातल के शब्दों को मलयालम के सांस्कृतिक धरातल पर अनूदिन करते वक्त उत्पन्न समस्यायें रंगभूमि उपन्यास द्वारा यहाँ चित्रित है ।

उदा : कार्तिक का महीना (पृ . सं 5) - വൃശ്ചിക മാസം കാലം (പേജ് നമ്പർ – 9)

धुइयां का भुरता (पृ . सं 5) - ചേമ്പു ചമ്മന്തി (പേജ് നമ്പർ – 9)

दाता । भगवान् तुम्हारा कल्याण करें -(पृ . सं 6)

ധർമ്മം കൊടുക്കുന്നവരേ,
ദൈവം നിങ്ങൾക്കു നന്മ വരുത്തണ്ടേ (പേജ് നമ്പർ – 10)

मलयालम अनुवाद द्वारा ऐसे शब्दों को सुनने से हमारे मन में अपनी भाषा ओर सस्कृति के प्रति आत्मीय भावना उत्पन्न होती है । मलयालम के सांस्कृतिक संदर्भ में ' दाता के लिए ' 'ധർമ്മം കൊടുക്കുന്നവരേ'जैसे बदलकर दान के महत्व को उजागर करने की अनुवादकीय कोशिश यहाँ दिखायमान है ।

भारतीय संस्कृति को नगण्य मानकर पाश्चात्य संस्कृति को प्रमुखता देने की प्रवृत्ति रंगभूमि उपन्यास पर है । ईसाइयों के बारे में बताते वक्त हिन्दी प्रदेश के लोग मलयालम के सांस्कृतिक जगत में प्रयुक्त शब्दों से ज्ञात नहीं होते है ।

" ईसाईयों को तनिक भी दया धर्म का विचार नहीं होता । बस, सबको ईसाई ही बनाते फिरते है ।"(पृ . सं 11)

ഈ ക്രിസ്ത്യാനികൾക്കു ലവലേശം കാരുണ്യമില്ല.
അതെ സകലരെയും മാർക്കം കൂട്ടാൻ നടക്കുതയാണ്. (പേജ് നമ്പർ - 14)

मलयालम के सांस्कृतिक संदर्भ में पले हुए व्यक्ति 'മാർക്കം കൂട്ടുക' जैसे शब्द से परिचित होगे । हिन्दी के सांस्कृतिक संदर्भ को मलयालम के सांस्कृतिक संदर्भ में उतारने का अनुवादकीय कोशिश यहाँ दिखायमान् है ।

मि.जोंन सेवक द्वारा सूरदास के बारे में सूचित किए शब्दों से भारतिय सांस्कृति के प्रति ऋणा और पाश्चात्य संस्कृतिके प्रति लगाव नज़र आते है ।

मि. जोंन सेवक बोले - इस देश के सिर से यह बल न जाने कब टलेगी ? जिस देश में भीख मांगना लज्जा की बात न हो, यहां तक कि सर्वश्रेष्ठ जातिया भी जिसे अपनी जीवन-वृत्ति बना लें, जहां महात्माओं का एकमात्र यही आधार हो, उसके उद्धार में अभी शताब्दियों की देर है ।(पृ . सं 6)

ജോൺ – ഈ നാട്ടിലെ മണ്ണിൽ നിന്ന് ഈ ഉപദ്രവം
എന്നാണു നീങ്ങുക ? ഒരു നാട്ടിൽ ഭിക്ഷ യാചിക്കുന്നതു
ലജ്ജാകരമായിരിക്കരുതപ്പെടുന്നില്ലെങ്കിൽ, ഏറ്റവുമുയർന്ന
ജാതിക്കാരും അതൊരു ജീവിതവൃത്തിയാക്കിയിരിക്കുന്നു–
വെങ്കിൽ, നൂറ്റാണ്ടുകൾ കഴിഞ്ഞാലും ആ നാടിനഭിവൃദ്ധിയു–
ണ്ടാവുകയില്ല. (പേജ് നമ്പർ – 10, 11)

भारतीय संस्कृति में दान यानी भीख देना पुण्य की बात समझते है । लेकिन पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित मिस्टर जॉन की दृष्टि से भारतीय संस्कृति नगण्य है ।

विदेशी भाषा के शब्दों को उसीतरह इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति भी यहाँ दिखायमान है ।

" हिन्दुओं ने ये बाते युनान के stoic से सीखी है । "
(पृ . सं 9)

" ഹിന്ദുക്കൾ ഈ തത്വങ്ങൾ യവനതത്വജ്ഞാനികളിൽ നിന്നാണ് പഠിച്ചിട്ടുള്ളത് " (പേജ് നമ്പർ – 14)

Pessimist(पृ . सं131) - പെസിമിസ്റ്റാണ് (പേജ് നമ്പർ – 150)

कभी कभी अगेज़ी शब्दों को मलयालम के सांस्कृतिक परिसर में उतारने की अनुवादकीय कोशिश भी है ।

उदा : Sentimental (पृ . सं 225) – വികാരജീവി (പേജ് നമ്പർ – 254)

भारत के महापुरुष, इतिहास और चरित्र को अनदेखा करने की प्रवृत्ति मूलकृति और अनुवाद में पाए जाते है । प्रभुसेवक का कथन इसका उदाहरण है ।

" हरिश्चन्द्र योगी नहीं थे, कृष्ण त्यागी नहीं थे, नेपोलियन योगी नहीं था । (पृ . सं 75)

ശ്രീരാമനും ശ്രീകൃഷ്ണനും യോഗികളായിരുന്നില്ല
നെൽസണും നെപ്പോളിയനും ത്യാഗികളായിരുന്നില്ല
(പേജ് നമ്പർ – 88)

राजाहरिश्चन्द्र के सत्य और त्याग भावना को कम दिखाने की कोशिश मूलकृति में है ।

ठाकूर - उसका अकवाल भारी है, वह कभी चक्की न पीसेगा
(पृ . सं 271)

താക്കൂർ – അവന്റെ തലക്കുറി നല്ലതാണ്.
അവനൊരിക്കലും ചക്കാട്ടാൻ പോകേണ്ടി വരില്ല. (പേജ് നമ്പർ - )

मलयालम के संस्कृति से जुडे हुए बात है 'ചക്കാട്ടുക' । हिन्दी भाषी लोग चक्की पीसने से अधिक परिचित है । यह सांस्कृतिक अंतर मूल और अनुवाद में द्रष्टव्य है ।

रंगभूमि उपन्यास में एक ओर जगह पर भी यह दिखायमान् है । पुरानी जागीर है (पृ . सं 233)-

പണ്ടത്തെ ജാഗീറാണ്
കരമൊഴി ഭൂമി (പേജ് നമ്പർ – 263)

मूलकृतिमें सुभागी के कथन द्वारा सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में अन्तर व्यक्त है ।

उदा : जन्म भर कुमार ही बने रहोगें(पृ . सं 265)

ജീവിതകാലം മുഴുവൻ ഇങ്ങനെ ഒറ്റത്തടിയായിട്ടിരിക്കുമോ
(പേജ് നമ്പർ – 245)

यहाँ 'कुमार ' शब्द के लिए अनुवादक 'ഒറ്റത്തടി' जैसे शब्द का प्रयोग किया है । केरल के सामूहिक जीवन से धनिष्ठ संबंध रखनेवाला शब्द है 'ഒറ്റത്തടി'। ऐसे शब्द के प्रयोग द्वारा भाषा के कठिन शब्द से अपरिचित आम आदमी भी आसानी से समझ लेगें ।

सुरदास , सोफिया और मिसेज सेवक के बीच वार्तालाप और सोफिया को देनेवाले उत्तर यहाँ देखिए - मेंम साहब, अपने पापों का प्रायश्चित हमें आप करना पडता है । अगर आज मालुम हो जाए कि किसी ने हमारे पापों का भार अपने सिर ले लिया तो संसार में अन्धेर मच जाए (पृ . सं 9)

നമ്മുടെ പാപങ്ങൾക്കു നാം തന്നെ പ്രായശ്ചിത്തം ചെയ്യണം കൊച്ചമ്മേ. നമ്മുടെ പാപങ്ങളുടെ ഭാരം മറ്റൊരാൾ തലയിലേറ്റാൻ തയ്യാറുണ്ടെങ്കിൽ പിന്നെ ലോകത്തിൽ തോന്നിവാസമേ നടക്കുകയുള്ളു. (പേജ് നമ്പർ 13)

यहाँ भी केरल के सामूहिक जीवन से मिले जूले शब्द का प्रायोग करते है । साथ ही सूरदास की महिमा भी प्रकट होते है ।

मूल और अनुवाद में शब्दों का एक जैसा प्रयोग भी दिखायमान् है

दैव(पृ . सं 5) - ദൈവം (പേജ് നമ്പർ – 9)

पण्डा (पृ . सं 8) - പണ്ട (പേജ് നമ്പർ – 13)

गवंर्नमेंट (पृ . सं 359) - ഗവൺമെന്റ് (പേജ് നമ്പർ – 407)

ईसू (पृ . सं 26) - യേശു (പേജ് നമ്പർ – 32)

जाँन सेवक फाक्टरी खोलने से गाँव में होनेवाले परिवर्तन की सूचना ठाकूरदीन को  देने केलिए ऐसे कहते है ।

जाँन सेवक - तुम्हारी पान की दूकान है न ? अभी तुम दस - बारह आने पैसे कमाते होगे । तब तुम्हारी बिक्री चौगुनी हो जाएगी । इधर की कमी उधर पूरी हो जाएगी । मज़दूरों को पैसे की पकड नहीं होती । काम से ज़रा फुरसत मिली कि कोई पान पर गिरा कोई सिगरेट पर दौडा ।  खोमचेवाले की खासी बिक्रि होगी, और शराब - ताडी का पूछना ही क्या, चाहे तो पान को शराब बनाकर बेचो । गाडीवालों की मज़दूरी बढ जाएगा ।  यही मोहल्ला चौक की भांति गुलजार हो जाएगा । तुम्हारे लडके अभी शहर पढने जाते है । तब यहीं मदरसा खूल जाएगा(पृ . सं 114)

